पूर्व सिद्दता परिक्षा :- 2025 फरवरी

विषय :- हिन्दी   कक्षा :- VIII std   अंक :- 50   समय :- 1-30 घंटे

I. निन्मलिखित प्रश्नों के लिए चार – चार विकल्प सुझाए गए हैं , उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रुप से लिखिए ।   4X1=4

1. ' बहुत ' शब्द का विलोम शब्द है -

A. विपुल   B. ज्यादा   C. कम   D. अधिक

2. चंपा से रहा न गया । वाक्य में संज्ञा शब्द है -

A. चंपा   B. से रहा   C. न   D. गया

3. निन्मलिखित में से बहुवचन रुप है -

A. गोली   B. लाठी   C. रोटी   D. छुट्टियाँ

4.. ' चलना ' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रुप है –

A. चल   B. चलवाना   C. चलाना   D . चलो

प्र.II निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरुप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए 3x1=3

5. कन्नड का पहला समाचार पत्र : मंगलूरु समाचार पत्र :: हिन्दी का पहला समाचार पत्र :----------

6. बैसाखी : पंजाबी : : विशु :-------------

7. नदी : बहना : : मुरली :-------------

प्र. III निन्मलिखित प्रश्नों के उत्तर एक – एक पूर्ण वाक्य में लिखिए । 4x1=4

8. दूध में भोलू को क्या दिखाई दिये ?

9. गांधी जी ने पिता से क्या माँगी ?

10. लोग किसे अपनी छाती से लगाये घूमते है ?

11 फूल सदा कैसे रहते है ?

प्र.IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो- तीन वाक्यों में लिखिए। 5x2=10

12. युद्ध भूमि को जाते हुए पुत्र के सिर पर हाथ रखकर माँ ने क्या आशीर्वाद दिया ?

13 तिम्मक्का ने बरगद के डालों कसे पाला पोसा ?

14. बीरबल के अनुसार घोड़े के मालिक की दो शर्तें क्या थी ?

15. पेड से गिरे सेब को देखकर न्यूटन ने क्या सोचा ?

16. " एक रहे सद्भाव रखें हम " - इस पर आप क्या सोचते है।

प्र.V निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन – चार वाक्यों में लिखिए : 4x3=12

17. वर्षा कब होती है ?

18. बंदर ने रोटी का बँटवारा कैसे किया ?

19. संतुलित अहार का मतलब क्या है ?

20. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए।

ऐसी वानी बोलिए , मन का आप खोय ।

औरन को सीतल करे , आप सीतल होय ॥

प्र. VI निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच – छः वाक्यों में लिखिए : 2x4=8

21. मकर संक्रांति त्योंहार कब और कैसे मनाया जाता है ?

अथवा

बैसाखी त्योंहार कब और कैसे मनाया जाता है ?

22. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए।

फूल सदा ---

-- सुरभित करते है।

प्र. ७ गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 4x1=4

23. विवेकानंद रोज व्यायाम करते थे । इसलिए उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर था । उनकी बुद्धि प्रखर थी । वे मृदु भाषी थे । बचपन से ही उनका झुकाव धर्म और दर्शन की ओर था । भगवद्गिता उनकी प्रिया पुस्तक थी , जिसे वे रोज पढ़ते थे । ईश्वर को देखने की प्रबल आकांक्षा बचपन से ही उनके मन में थी । विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नही करता ।

अ. विवेकानंद रोज क्या करते थे ?

आ. विवेकानंद का शरीर कैसा था ?

इ. उनकी प्रिया पुस्तक कौन – सी थी ?

ई. विवेकानंद के अनुसार नास्तिक कौन है ?

प्र.VIII निम्नलिखित विषय के बारें में पत्र लिखिए । 1x5=5

24. कोई कारण देकर तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पर छुट्टी पत्र लिखिए ।

अथवा

प्रवास जाने के लिए २००० % रुपये मागँते हुए अपनी पिताजी के नाम पर पत्र लिखिए ।